# आओ गुरु नाम की महिमा गाए भजन लिरिक्स

आओ गुरु नाम की महिमा गाए,
गुरु ज्ञान गंगा में गोता लगाए।bd।

तर्ज- बहुत प्यार करते है।

---

गुरु के समान कोई और न दूजा,
करनी है हमको उनकी ही पूजा,
गुरुदेव ज्ञान की राह दिखाएं,
गुरु ज्ञान गंगा में गोता लगाए।bd।

---

गुरु ही हमारे जीवन सहारे,
आरती उतारे आओ उतारे,
उनकी दया से भव तीर जाए,
गुरु ज्ञान गंगा में गोता लगाए।bd।

---

गुरु बिन ज्ञान हम कहां से पाए,
चरणों की रज मस्तक पे लगाए,
गुरु ज्ञान गागर में सागर समाए,
गुरु ज्ञान गंगा में गोता लगाए।bd।

---

दूर अंधियारा छा जाए उजियारा,
दास विश्वंभर पा जाएगा किनारा,
हम सब मिल गुरुदेव मनाए,
गुरु ज्ञान गंगा में गोता लगाए।bd।

---

आओ गुरु नाम की महिमा गाए,
गुरु ज्ञान गंगा में गोता लगाए।bd।

संकलन – पवन शर्मा निर्मल।
**9314462654**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com